CHRONICLE
Nurturing Talent Since 1990

# बिहार समसामयिकी

## तीव्र अवलोकन 2023 पॉइंटर रूप में

**जनवरी 2021 से अब तक की घटनाक्रम पर आधारित**

**बिहार के सभी आयोग BPSC, BSSC, BPSSC, CSBC द्वारा आयोजित परीक्षाओं में पूछे जाने वाले प्रश्नों के पाठ्यक्रम के अनुरूप पॉइंटर रूप में सामग्री**

समसामयिक घटनाक्रम (वर्ष 2021 से अब तक)

बिहार की प्रमुख नीति, योजनाएं व कार्यक्रम

बिहार : नवीनतम आर्थिक तथ्य व आंकड़े



# बिहार समसामयिकी

## तीव्रअवलोकन 2023 पॉइंटर रूप में

## जनवरी 2021 से अब तक की घटनाक्रम पर आधारित

**बिहार के सभी आयोग BPSC, BSSC, BPSSC, CSBC द्वारा आयोजित परीक्षाओं में पूछे जाने वाले प्रश्नों के पाठ्यक्रम के अनुरूप**

**संपादकः** एन. एन. ओझा
(सिविल सेवा परीक्षाओं के मार्गदर्शन में 30 से अधिक वर्षों का अनुभव)
**लेखन एवं प्रस्तुतिः** क्रॉनिकल संपादकीय समूह

**बुक कोडः 415**

**संस्करण 2023**

**मूल्यः ₹ 50/-**

**प्रकाशक**

**क्रॉनिकल पब्लिकेशंस प्रा. लि.**
ए-27डी, सेक्टर-16, नोएडा-201301,
फोन नं: 0120-2514610-12,
E-mail : info@chronicleindia.in

**संपर्क सूत्रः**

**संपादकीय :** 9582948817, editor@chronicleindia.in
**ऑनलाइन सेल सहयोगः** 9582219047, onlinesale@chronicleindia.in
**तकनीकी सहयोग :** 9953007634, Email Id: it@chronicleindia.in
**विज्ञापन :** 9953007627, 9891601320, advt@chronicleindia.in
**सदस्यता :** 9953007629, 9953007628, Subscription@chronicleindia.in
**प्रिंट संस्करण सेल :** 9953007630, 9953007631, circulation@chronicleindia.in

**सर्वाधिकार सुरक्षित © क्रॉनिकल पब्लिकेशंस प्रा. लि.:** इस प्रकाशन के किसी भी अंश का प्रतिलिपिकरण, ऐसे यंत्र में भंडारण जिससे इसे पुनः प्राप्त किया जा सकता हो या स्थानान्तरण, किसी भी रूप में या किसी भी विधि से-इलेक्ट्रॉनिक, यांत्रिक, फोटो-प्रतिलिपि, रिकॉर्डिंग या किसी और ढंग से, प्रकाशक की पूर्व अनुमति के बिना नहीं किया जा सकता।

पुस्तक में प्रकाशित सामग्री उपरोक्त विषय पर प्रकाशित पुस्तकों/जर्नल/रिपोर्ट/ऑनलाइन कंटेंट आदि से संकलित है। लेखक/संकलनकर्ता/प्रकाशक, प्रकाशित सामग्री की मूल लेखन का दावा नहीं करता। प्रकाशित सामग्री को पूर्णतः त्रुटि रहित बनाने का प्रयास किया गया है, फिर भी किसी भी प्रकार के त्रुटि के लिए क्षतिपूर्ति का दावा प्रकाशक/लेखक द्वारा स्वीकार नहीं किया जाएगा। शंका की स्थिति में पाठक स्वयं भारत सरकार के दस्तावेज व अन्य स्रोतों के माध्यम से जांच कर सकते हैं

सभी विवादों का निपटारा दिल्ली न्यायिक क्षेत्र में होगा।, **मुद्रकः** एस के एंटरप्राइजेज, मुंडका, नई दिल्ली - 110041

## अनुक्रमणिका

**1. बिहार समसामयिक तथ्य ............................ 2-29**
- प्रशासनिक घटनाक्रम ........ 1
- आर्थिक घटनाक्रम ........ 6
- योजना/कार्यक्रम ........ 9
- सामाजिक घटनाक्रम ........ 10
- विज्ञान प्रौद्योगिकी तथा पर्यावरण ........ 11
- पुरस्कार-सम्मान ........ 13
- खेल एवं खिलाड़ी ........ 15
- चर्चित व्यक्तित्व ........ 16
- रिपोर्ट सूचकांक ........ 18
- वेब पोर्टल ........ 20
- बिहार सरकार के प्रमुख लक्ष्य ........ 21
- बिहार सरकार की प्रमुख योजनाएं और समझौते ........ 21
- बिहार में प्रथम (आंकड़े 2021-22 पर आधारित) ........ 23
- जनगणना 2011 (बिहार) के जिलावार आंकड़े ........ 24
- बिहार : प्रमुख तथ्य ........ 24
- विविध ........ 25

**2. बिहार बजट और आर्थिक सर्वेक्षण .......... 30-34**
- बिहार बजट : 2022-23 ........ 29
- बिहार आर्थिक सर्वेक्षण 2021-22 ........ 31

**3. बिहार सरकार की प्रमुख योजनाएं नीतियां ........ 35-48**
- सात निश्चय योजना ........ 46
- कृषि आधारित योजनाएं ........ 47
- ग्रामीण/शहरी विकास कार्यक्रम ........ 48
- रोजगार संबंधित योजनाएं ........ 48
- अल्पसंख्यकों से संबंधित योजनाएं ........ 49
- शिक्षा विकास से संबंधित योजनाएं ........ 50
- महिला एवं बाल विकास योजनाएं ........ 51
- सामाजिक सुरक्षा योजनाएं ........ 52
- स्वास्थ्य से सम्बन्धित योजनाएं ........ 54
- अन्य प्रमुख योजना/परियोजना ........ 54

**4. बिहार : नवीनतम आर्थिक तथ्य व आंकड़े ....... 49-55**

**5. वन स्थिति रिपोर्ट-2021 ........ 56**

1
अध्याय

# बिहार समसामयिक तथ्य

## जनवरी 2021 से अब तक की घटनाक्रम पर आधारित

### प्रशासनिक घटनाक्रम

1. हाल ही में बिहार का कौन-सा जिला पेपर लेस 'ई-ऑफिस' घोषित किया गया है? **- सहरसा जिला**
2. हाल ही में 17वीं अंतर्राष्ट्रीय त्रिपिटक पूजा का आयोजन बिहार के किस जिले में किया गया? **- गया जिला**
3. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किन दो जिलों में गंगा नदी से हो रहे कटाव को रोकने के लिए रोडमैप बनाने का निर्देश दिया है? **- कटिहार और भागलपुर जिलो में**
4. किस राज्य के तर्ज पर बिहार सरकार ने अति पिछड़े वर्गों के लिए राज्य आयोग पर समर्पित आयोग बनाया है? **- मध्य प्रदेश**
5. 15 से 29 दिसम्बर, 2022 तक 'बिहार सरस मेला 2022' का आयोजन कहाँ किया गया? **- गांधी मैदान, पटना में**
6. 28 नवम्बर, 2022 को बिहार की किस राजनीतिक दल ने अपना 22वां स्थापना दिवस मनाया **- लोजपा**
7. बिहार की पहली विशेष यूनिट (मेट्रोपोलिटन सर्विलांस यूनिट) किस स्थान पर बनायी जा रही है **- पटना**
8. बिहार के किस जिले में 'ई-मालखाना मॉडल' को पूरे राज्य के थानों में लागू किया जा रहा है **- किशनगंज**
9. हाल ही में बिहार कैबिनेट ने आधारभूत संरचना विकास के लिए कितने रूपये की स्वीकृति प्रदान की है **- 4029 करोड़ रुपये**
10. बिहार के किस जिले के हर पंचायत में 'जिम पार्क' बनाया जाएगा **- पटना जिले**
11. बिहार के कितने जिलों में मखाना विकास योजना चलाई जाएगी **- 11 जिले**
12. बिहार सरकार द्वारा कृषि मंडी के आधुनिकीकरण पर कितने रुपये खर्च किए जाएंगे **- 2700 करोड़ रुपये**
13. बिहार के किस जिले में राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमशीलता एवं प्रबंधन संस्थान का रीजनल सेंटर खोलने की मंजूरी दी गई है **- वैशाली जिले में**
14. 'नाबार्ड' बिहार के कितने उत्पादों को जीआई टैग दिलाने का प्रयास करेगा **- 3 उत्पाद ( खुरमा, तिलकुट और बालुशाही )**
15. जय प्रकाश नारायण की 14 फीट ऊँची प्रतिमा का अनावरण सारण जिले के सिताबदियारा में किसने किया **- केन्द्रीय गृहमंत्री अमीत शाह ने**
16. बिहार राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा किस वर्ष तक भूमि सर्वेक्षण के कार्य को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है **- 2024 तक**
17. ऑपरेशन क्लीन अप क्या है **- बिहार पुलिस की छवि को स्वच्छ बनाना।**
18. दूसरा पूर्वी भारत शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया है **- होटल मौर्य, पटना।**
19. फल्गु रबर बांध (गया) का उद्‌घाटन किया गया है **- 8 सितंबर, 2022**
20. बिहार का पहला और भारत का सबसे बड़ा रबर बांध है **- फल्गु रबर बांध ( गया )**
21. बिहार में चक्रबांध और भीमबांध क्षेत्र नक्सलियों से कितने वर्ष बाद मुक्त किया गया है **- 32 साल बाद।**
22. राष्ट्रपति चुनाव में बिहार के एक विधायक का मतमूल्य था **- 173**
23. राष्ट्रपति चुनाव में बिहार के एक सांसद का वोट वैल्यू था **- 708**
24. राष्ट्रपति चुनाव में बिहार से कुल वोट (सत्तारूढ़/विपक्ष) था **- 81687**
25. जुलाई, 2022 में बिहार ने किस जिले में 98 घंटे में 36 कि.मी. सड़क का निर्माण कर रिकॉर्ड बनाया **- रोहतास और कैमूर जिले के बीच**
26. 26 मई, 2022 को ई.भण्डारण को क्रियान्वित करने वाला भारत का प्रथम राज्य बना **- बिहार**
27. बिहार के किस जिले में पहला 'स्थाई दैनिक पार्क' बनाने की घोषण की गयी **- पटना**
28. किस राज्य के हर जिले में मोदी नगर तथा नीतीश नगर बसाए जाने की घोषणा की गई है? **- बिहार**
29. बिहार में कब तक में तक मंदिरों का पंजीकरण अनिवार्य कर दिया गया **- 15 जुलाई, 2022**
30. बिहार विधानसभा भवन के शताब्दी समारोह का समापन प्रधानमंत्री मोदी के उद्‌बोधन के साथ कब हुआ **- 12 जुलाई, 2022 को**
31. बिहार विधान परिषद के 12वें अध्यक्ष **- देवेश चंद्र ठाकूर ( जदयू )।**
32. अपराध में बिहार का स्थान प्रति लाख **- प्रथम**
33. हत्या के मामले में बिहार का स्थान **- दूसरा। ( पहला- यूपी )।**
34. चोरी के मामले में बिहार का स्थान **- तीसरा**
35. 22 मार्च को बिहार दिवस पर गांधी मैदान में मुंगेर के अमृत प्रकाश शाह द्वारा बनाये गए पीपल के 5 पत्तों के बीच एक बूंद को दर्शाया गया है, जिसकी थीम है **- "लाइफ नेचर, हैप्पीनेस"**
36. फरवरी, 2023 में बिहार में कहां पर भगवान बुद्ध की दुनिया की सबसे लंबी प्रतिमा का उद्‌घाटन किया जाएगा **- बोधगया**

| बिहार के चर्चित पुरस्कार | |
|---|---|
| **चर्चित पुरस्कार : 2022-23** | **प्राप्तकर्ता** |
| दीनानाथ शरण सम्मान 2022 | प्रो. सुधा सिंहा (दर्शनशास्त्री एवं कवियत्री, चित्रगुप्त सामाजिक संस्थान, पटना द्वारा) |
| बिहारी पुरस्कार 2022 | डॉ. माधव हाडा (पुस्तक 'पंचरंग चोला पहर सखी री' के लिए) |
| कथाक्रम सम्मान 2022 | हृषिकेश सुलभ (कथाकार, सीवान) |
| विश्व साहित्य शिक्षक पुरस्कार 2022 | प्रो. अरूण कुमार झा (मधुबनी) |
| ग्लोबल स्कील ट्रेनर अवार्ड 2022 | डॉ. बीरबल झा (मधुबनी, पागमैन ऑफ इंडिया के रूप में प्रसिद्ध) |
| स्वच्छता सारथी पुरस्कार 2022 | विनीत कुमार (औरंगाबाद, बिहार) |
| बाल जलवायु पुरस्कार 2022 | स्पर्श (पटना, जलवायु और पर्यावरण के लिये असाधारण प्रयास हेतु) |
| बाल साहित्य पुरस्कार 2020 | जफर कमाली (सीवान, कविता संग्रह 'हौसलों की उड़ान' के लिए उर्दू भाषा में) |
| नारी शक्ति पुरस्कार | अनीता गुप्ता (पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद द्वारा) |
| राष्ट्रीय नारी रत्न अवार्ड | डॉ. नम्रता आनंद |
| अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस | त्यागराजन (गया के डीएम, कौशल विकास व उद्यपिता मंत्रालय द्वारा) |
| जनकवि नागार्जुन स्मृति सम्मान 2022 | डॉ. ताराचंद वियोगी (मैथिली के कवि, लेखक) |
| भागीरथी श्री सम्मान | रेणु देवी (पूर्व उप मुख्यमंत्री) |
| लोक निर्मला सम्मान | शारदा सिन्हा |
| मौलाना अबुल कलाम आजाद शिक्षा अवार्ड | डॉ. शंकर नाथ झा |
| बेस्ट वॉइस चांसलर अवार्ड | प्रो. सुरेन्द्र प्रताप सिंह |
| राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2022 | निशि कुमारी (पटना) एवं सौरभ सुमन (सुपौल) |
| महावीर पुरस्कार, साराभाई मानद पुरस्कार | आनन्द कुमार (सुपर-30 के संस्थापक) |
| शौर्य चक्र (मरणोपरांत) | कैप्टन आशुतोष कुमार (मधेपुरा) |
| चुनाव आयोग द्वारा बेस्ट स्टेट अवार्ड | बिहार (25 जनवरी) |
| डिजिटल इंडिया अवार्ड-2020 | बिहार (कोविड लॉकडाउन के दौरान बाहर फँसे लोगों को सेवा प्रदान करने के लिए) |
| गणतंत्र दिवस 2022 में प्रस्तुत झांकी में प्रथम | बिहार शिक्षा परियोजना परिषद् को |
| जिला हरित चैम्पियन अवार्ड (District Green Champion Award 2021-22) | दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय |
| बिहार चेंजमेकर अवार्ड 2022 | मनोहर कुमार |
| बेस्ट क्रिटीक्स एक्टर अवार्ड | सुशांत सिंह राजपूत, दादा साहेब अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में |
| IMA का लाइफटाइम अचिवमेंट पुरस्कार | डॉ. एस. सी. मिश्रा |
| युवा वैज्ञानिक पुरस्कार 2021 | ओम प्रकाश गुजेला (जहानाबाद) |
| राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटेंगल अवार्ड 2021 | नाजिया परवीन (भागलपुर, नर्सिंग के क्षेत्र में) |
| दीन दयाल अंत्योदय कृषि पुरस्कार 2020 | वंदना कुमारी (बांका, कृषि में जल संरक्षण और पशुपालन हेतु) |
| साहित्य अकादमी पुरस्कार 2021 | हिंदी का - दया प्रकाश सिन्हा - सम्राट अशोक (नाटक)<br>मैथिली का - जगदीश प्रसाद मंगल, पंगु (उपन्यास) |
| साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार 2021 | अमित मिश्र (समस्तीपुर, मैथिली, बाल कविता संग्रह 'अंशु बनी पसरि जाएब') |
| प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2022 | धीरज कुमार (बेतिया, वीरता) एवं पल साक्षी (छपरा, सामाजिक सेवा) |
| प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2021 | ज्योति कुमारी (साईकिल गर्ल, दरभंगा नशा मुक्त अभियान के ब्रांड एम्बेस्डर) |
| शौर्य चक्र सम्मान 2021 | आशुतोष कुमार (मधेपुरा, मरणोपरांत) |
| बिहार विभूति सम्मान | रोहित कुमार (मीडिया ट्रेंड्ज के संस्थापक) |
| बिहार श्री सम्मान | डॉ. मुकुल कुमार सिंह (स्वास्थ्य के क्षेत्र में, कोरोना काल में बेहतर सेवा देने के लिए) |

2 अध्याय

# बिहार बजट और आर्थिक सर्वेक्षण

## बिहार बजट : 2022-23

वर्ष 2022-23 के लिए बिहार का बजट वर्तमान उपमुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री तारकिशोर प्रसाद ने 28 फरवरी 2022 को प्रस्तुत किया गया है। यह बिहार का अब तक का सबसे बड़ा आकार वाला बजट है। वित्तीय वर्ष 2022-23 का बजट कोविड-19 वैश्विक महामारी के अवधि में दूसरा बजट है।

- वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान पुरे विश्व की अर्थव्यवस्था में 3.0 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी। देश की भी अर्थव्यवस्था प्रभावित हुई थी। जबकि इस वर्ष जहां देश के लगभग सभी राज्यों की अर्थव्यवस्था में गिरावट दर्ज की गई थी, वहीं बिहार में 2.5 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर हासिल हुई थी। यह आर्थिक वृद्धि दर देश में सर्वाधिक था। राज्य सरकार ने अनेक राजकोषीय उपायों द्वारा राज्य की आर्थिक वृद्धि दर को वर्ष 2021-22 के लिए 9.8 तथा वर्ष 2022-23 के लिए 9.7 अनुमानित किया गया है। इस परिस्थिति में राज्य सरकार बजट को राज्य की आर्थिक विकास दर में तेजी लाने तथा जन कल्याण के उद्देश्य से बनाया गया है।
- बिहार का वित्तीय वर्ष 2022-23 का कुल व्यय बजट अनुमान 2,37,691.19 करोड़ रुपये है, जो वित्तीय वर्ष 2021-22 के बजट अनुमान 2,18,302.70 करोड़ रुपये से (19,388.49 करोड़ रुपये) अधिक है। वर्ष 2021-22 के बजट की तुलना में 2022-23 का बजट आकार 8.88% अधिक है। बिहार का वित्तीय वर्ष 2022-23 में स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय का बजट अनुमान 1,37,460.94 करोड़ रुपये है, जो वित्तीय वर्ष 2021-22 के बजट के अनुमान 1,17,783.84 करोड़ रुपये से 19677.11 (16.7%) करोड़ रुपये अधिक है।

### आर्थिक वृद्धि दर

- 2020-21 में 2.5%
- 2021-222 में 9.8% अनुमानित
- 2022-23 में 9.7 % अनुमानित

### राजकोषीय घाटा

- 2020-21 में 4.82
- 2021-22 में 2.97% अनुमानित
- 2022-23 में 3.47% अनुमानित
- 2022-23 के लिए राजकोषीय घाटा 25,885 करोड़ रुपए (जीएसडीपी का 3.47%) पर लक्षित है। 2021-22 में संशोधित अनुमानों केअनुसार, राजकोषीय घाटा जीएसडीपी का 11.31% होने की उम्मीद है, जो जीएसडीपी के 2.97% के बजट अनुमान से काफी अधिक है।

### राजस्व प्राप्ति प्रवृति

- केन्द्रीय करों का हिस्सा: 46%
- केंद्र से सहायता अनुदान: 30%
- राज्य का अपना कर राजस्व: 21%
- राज्य का अपना कर भिन्न राजस्व: 3%

### क्षेत्रवार व्यय संरचना (वर्ष 2022-23)

- आर्थिक सेवाएं: 25%
- सामाजिक सेवाए: 41%
- समान्य सेवाएं: 28%
- लोक ऋण: 6%

### राजस्व अधिशेष

- 2022-23 के लिए राजस्व अधिशेष 4,748 करोड़ रुपए होने का अनुमान है, जोकि जीएसडीपी का 0.64% है। बजट स्तर पर अनुमानित जीएसडीपी के 1.21% के राजस्व अधिशेष की तुलना में 2021-22 में राज्य को 5.48% के राजस्व घाटे का अनुमान है।

## पॉइंटर रूप में

### बिहार बजट : 2022-23

1. वर्ष 2022-23 के लिए बिहार का बजट तत्कालीन उपमुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री तारकिशोर प्रसाद ने प्रस्तुत किया गया था **– 28 फरवरी, 2022**
2. वर्ष 2022-23 का यह बजट बिहार का अब तक का **– सबसे बड़ा आकार वाला बजट है।**
3. वित्तीय वर्ष 2022-23 का बजट कोविड-19 वैश्विक महामारी के अवधि में कौन सा बजट है। **– दूसरा**
4. पहली बार बिहार बजट में 6 सूत्रों का उल्लेख किया गया है वो हैं **– स्वास्थ्य, शिक्षा, उद्योग, कृषि और समवर्ती क्षेत्र, आधारभूत संरचना एवं विभिन्न वर्गों का कल्याण**
5. बिहार बजट 2022-23 में सबसे अधिक बजटीय प्रावधान किया गया है **– 39,191.87**
6. वार्षिक बजट में कुल बजट के कितनी प्रतिशत राशि का प्रावधान शिक्षा हेतु किया गया है **– 16.5%**

3
अध्याय

# बिहार सरकार की प्रमुख योजना तथा नीति

## इथेनॉल उत्पादन संवर्धन नीति, 2021

19 मार्च, 2021 को बिहार इथेनॉल उत्पादन संवर्धन नीति, 2021 का शुभारंभ किया गया। इसके साथ ही बिहार जैव ईंधन, 2018 की राष्ट्रीय नीति के तहत इथेनॉल संवर्धन नीति लागू करने वाला भारत का पहला राज्य बन गया है।

**मुख्य बिन्दु:** यह नीति इथेनॉल के निष्कर्षण की अनुमति देती है, जो गन्ने तक, साथ ही मक्का की अधिशेष मात्रा तक सीमित थी, अब मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त अनाज, गन्ने का रस, चीनी, सीरप, अधिशेष चावल और मक्का से इथेनॉल उत्पादन की अनुमति प्रदान की गई है।

## बिहार बालू खनन नीति 2019

राज्य में नदी निकायों से बालू निकालने के बेहतर नियमन और पर्यावरण की सुरक्षा को बनाये रखने हेतु राज्य सरकार द्वारा बालू नीति 2013 के स्थान पर बिहार बालू खनन नीति 2019 को लाया गया है।

### नीति के लक्ष्य

1. बालू खनन इस प्रकार हो कि पर्यावरण सुरक्षित और सतत रूप से टिकाऊ बना रहे।
2. निर्माण हेतु पर्याप्त मात्रा में बालू की उपलब्धता सुनिश्चित बनी रहे।
3. रोजगार सुनिश्चित करने हेतु बंदोबस्ती पाने वालों की संख्या बढ़ाना।

## बिहार स्टार्टअप नीति, 2017

बिहार सरकार द्वारा आधारभूत संरचना को मजबूत करने तथा औद्योगिक विकास को प्रोत्साहित कर नवाचारों को बढ़ावा देने हेतु मार्च 2017 में बिहार स्टार्टअप नीति, 2017 को अनुमोदित किया है।

- इस नीति के माध्यम से बिहार में स्टार्टअप स्थापना हेतु अनुकूल पारिस्थितिकी का निर्माण कर स्थानीय युवाओं को स्वरोजगार हेतु प्रेरित किया जाएगा। इस नीति को 2017-2022 तक पांच वर्ष तक के लिए लागू किया गया है।

बिहार स्टार्टअप नीति की रूपरेखा को चार स्तंभों YUVA पर तैयार किया गया है, जिसे संक्षिप्त रूप में 'युवा' कहा जाता है।

## बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नीति, 2016

बिहार सरकार द्वारा 30 अगस्त, 2016 को राज्य में उद्योगों को विकसित करने एवं निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से औद्योगिक निवेश एवं प्रोत्साहन नीति, 2016 को मंजूरी प्रदान की। यह नीति 2016-2021 तक पांच वर्षों हेतु प्रभावी रहेगी।

- ज्ञात हो कि बिहार सरकार द्वारा वर्ष 2020 में इस नीति में बदलाव किया गया है तथा इसका विस्तार कर उद्योगों को बढ़ावा देने वाली इस नीति को मार्च 2025 तक बढ़ा दिया गया है।
- इस नीति में संशोधन कर राज्य सरकार द्वारा तीन क्षेत्रों हेतु अतिरिक्त लाभ की घोषणा की गई, जो निम्न हैं-
  1. आई.टी., आई.टी. समर्थित सेवाएं तथा ई.एस.डी.एम. प्रक्षेत्र
  2. खाद्य प्रसंस्करण प्रक्षेत्र
  3. कपड़ा, परिधान तथा चमड़ा क्षेत्र

## बिहार मधनिषेध और उत्पाद अधिनियम, 2016 तथा संशोधन अधिनियम, 2018

बिहार में शराब और मादक द्रव्यों के पूर्ण निषेध को लागू करने तथा शराब बंदी को क्रियान्वित करने हेतु बिहार मधनिषेध और उत्पाद अधिनियम, 2016 को अनुमोदित किया गया जिसे 2018 में इसे संशोधित किया गया।

- **दण्ड का प्रावधान:** कोई भी व्यक्ति जो किसी स्थान पर शराब अथवा मादक द्रव्य का उपयोग करता है या नशे में पाया जाता है तब उसे कम-से-कम 5 वर्षों का कारावास का प्रावधान है।
- 5 वर्ष के कारावास को बढ़ाकर 7 वर्ष किया जा सकेगा।
- आर्थिक जुर्माना के रूप में कम-से-कम एक लाख रुपए तथा अधिकतम दस लाख के दण्ड का प्रावधान है।
- इस अधिनियम के तहत सत्र न्यायालय सभी दंडनीय अपराधों की सुनवाई करता है।
- **मधनिषेध और उत्पाद (संशोधन) अधिनयम, 2018:** इस संशोधन द्वारा अब पहली बार शराब पीते पकड़े जाने के अपराध को जमानती बनाया गया है तथा घर के किसी सदस्य के शराब पीने पर 18 साल से अधिक उम्र के सभी लोगों के बजाए सिर्फ पीने वाले को पकड़ा जाएगा।
- मिलावटी शराब या अवैध शराब की बिक्री करते पकड़े जाने पर आजीवन कारावास की सजा के साथ दस लाख जुर्माना वसूला जाएगा।
- पहली बार शराब पीने पर पकड़े जाने पर 50,000 जुर्माना और तीन माह की सजा।
- ज्ञात हो कि मधनिषेध उत्पाद कानून 2016 में शराब पीते पकड़े जाने पर 5 साल से दस साल की सजा का प्रावधान होने के अलावा जमानत (बेल) का प्रावधान नहीं था।

## सेवा का अधिकार कानून

बिहार लोक सेवाओं अधिकार अधिनियम को 15 अगस्त, 2011 को लागू किया गया। यह राज्य में भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने के उद्देश्य से बजट सत्र 2011-12 में 'राइट टू सर्विस एक्ट' को पारित किया गया।

4 अध्याय

# बिहार : नवीनतम आर्थिक तथ्य व आंकड़े

## 15वां वित्त आयोग और बिहार

15वें वित्त आयोग ने 1 फरवरी, 2021 को 2021-26 की अवधि के लिए अपनी रिपोर्ट जारी की। 2021-26 की अवधि के लिए आयोग ने केंद्रीय करों में राज्यों का 41% हिस्सा सुझाया गया है, जो कि 2020-21 (जिसे 15वें वित्त आयोग ने 2020-21 के लिए अपनी रिपोर्ट में सुझाया था) के लगभग समान ही है।

- 14वें वित्त आयोग (2015-20 की अवधि) ने 42% का सुझाव दिया था और इसमें से 1% की कटौती इसलिए की गई है, ताकि नए गठित जम्मू एवं कश्मीर तथा लद्दाख केंद्र शासित प्रदेशों को अलग से धनराशि दी जा सके। 15वें वित्त आयोग ने प्रत्येक राज्य के हिस्से को निर्धारित करने के लिए अलग मानदंड प्रस्तावित किए हैं (जो कि 14वें वित्त आयोग से अलग हैं)।
- 2021-26 की अवधि के लिए 15वें वित्त आयोग के सुझावों के आधार पर बिहार को केंद्रीय करों के डिवाइजिबल पूल से 4.12% हिस्सा मिलेगा। इसका अर्थ यह है कि 2021-22 में केंद्र के कर राजस्व में प्रति 100 रुपए पर बिहार को 4.12 रुपए मिलेंगे।

**बिहार हेतु आयोग द्वारा अनुसंशित कुल हस्तान्तरण 2021-26 (करोड़ रुपये में)**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | अंतरण उपरांत राजस्व घाटा | 00 |
| 2. | स्थानीय निकाय | 35,577 |
| 3. | आपदा प्रवंधन | 7,824 |
| 4. | स्वास्थ्य | 3,223 |
| 5. | पीएमजीएसवाई | 1,694 |
| 6. | सांख्यिकी | 77 |
| 7. | न्यायपालिका | 960 |
| 8. | उच्चतर शिक्षा | 483 |
| 9. | कृषि | 1,720 |
| 10. | राज्य विशिष्ट | 2267 |
| | कुल सहायता अनुदान 1 से 10 तक का योग | 53,825 |

- **करों और शुल्कों में हिस्सेदारी:** 4,24,926
- **कुल हस्तान्तरित राशी:** 4,78,751

- **15वें वित्त आयोग ने 2021-26 में राज्य के लिए निम्नलिखित राजकोषीय घाटा सीमा का सुझाव दिया है:**
  - 2021-22 में 4%
  - 2022-23 में 3.5% और
  - 2023-26 में 3%।
- 2021-26 के लिए अनुदान (करोड़ रुपए में)

| अनुदान | कुल | बिहार |
|---|---|---|
| राजस्व घाटा अनुदान | 2,94,514 | 0 |
| स्थानीय सरकारों को अनुदान | 4,36,361 | 35,577 |
| क्षेत्र विशिष्ट अनुदान | 1,29,987 | 8,157 |
| आपदा प्रबंधन अनुदान | 1,22,601 | 7,824 |
| राज्य विशिष्ट अनुदान | 49,599 | 2,267 |
| **कुल** | **10,33,062** | **53,825** |

- बिहार के लिए निम्नलिखित अनुदानों का सुझाव दिया गया है: (i) स्थानीय निकायों को 35,577 करोड़ रुपए का अनुदान, (ii) आपदा प्रबंधन अनुदान के रूप में 7,824 करोड़ रुपए और (iii) पुरातात्विक स्थलों के संरक्षण, डिजिटल यूनिवर्सिटी और यूनिवर्सिटी ऑफ आर्ट की स्थापना और भागलपुर सिल्क उद्योग को पुनर्जीवित करने जैसे कार्यों के लिए 2,267 करोड़ रुपए का राज्य विशिष्ट अनुदान।

## पॉइंटर रूप में

### 15वां वित्त आयोग (2021-26) और बिहार

1. 15वां वित्त आयोग (वित्त आयोग कोविड के दौर में) की रिपोर्ट में 2021-26 के लिए कुल वितरणीय संसाधन कोष में बिहार का हिस्सा, 14वें वित्त आयोग द्वारा 9.665% से बढ़कर हो गया है **- 10.058%**
2. 15वें वित्त आयोग द्वारा केन्द्रीय करों की निवल प्राप्तियों का कितना प्रतिशत हिस्सा राज्य को देने का अनुशंसा है **- 41%**
3. बिहार के लिए 15वें वित्त आयोग द्वारा अनुशंसित कुल हस्तांतरण 2021-26 के लिए कितना है? **- 4,78,751 करोड़ रु.**